कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 25.02.2020

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एम.ए. अर्थशास्त्र की छात्राओं के लिये अर्थशास्त्र सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में 100 अंकों के प्रश्न पूछे गये। जिसमें अर्थशास्त्र से संबंधित प्रश्न शामिल थे। विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में अर्थजगत से संबंधित सामान्य ज्ञान को विकसित करना है।

वर्तमान में बैंकिंग सेक्टर एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अर्थशास्त्र से संबंधित प्रश्न पूछे जाते है।

इस परीक्षा में बजट, जनगणना, आरबीआई, केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, आयात–निर्यात, राष्ट्रीय आय, औद्योगिक नीति, व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गये थे।

प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस तरह की परीक्षा को छात्राओं के लिए बहुउपयोगी बताया और छात्राओं को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की शुभकामनाएँ दी। प्राचार्य ने बताया कि उक्त परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाली तीन छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

परीक्षा आयोजन में डॉ. मुक्ता बांखला एवं श्री दीपक कश्यप का विशेष योगदान रहा।

इस परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)